
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क न होने से दर्जनों गांव में विकास कार्य अधर में


**इंतजार**

## सड़क के लिए वन भूमि के पेंच ने अब राह में डाला रोडा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के तहसील क्षेत्र वासियों को सड़क तक पहुंचने के लिए वर्तमान में कई किमी लंबी पैदल दूरी तय करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़क की मांग को लेकर कई बार बड़े–बड़े आंदोलन कर चुकी है मगर आजतक हल नही निकल पाया है। आलाम यह है कि सड़क की लंबी समय से प्रतीक्षा कर रहे तहसील क्षेत्रवासियों की आंखें पथराने लगी है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील धारचूला के अंतर्गत जुम्मा से रांथी तक प्रस्तावित सड़क के लिए पांच साल पूर्व सर्वे तक किया जा चुका है वही सड़क के लिए वन भूमि के पेंच ने अब राह में रोडा डाला है। हालात यह है कि सीमांत जनपद के तहसील क्षेत्र के गांवों में



वन भूमि के हंस्तारण के चलते सड़कों का निमार्ण कार्य अधर में लटकता नजर आ रहा है। दूसरी ओर वन भूमि के हंस्तारण के कारण सीमांत की आबादी सड़क सुविधा के लिए मोहताज होते दिख रही है। सीमांत जनपद की पांच महत्वूर्ण सड़कें बंद पड़ी फाइलों में से महत्वूर्ण सड़कें धूल फांक रही है।

सीमांत में यह मामला लंबे समय से लटका पडा हुआ है। जनपद व तहसील स्तरों के क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बाद भी आज भी सड़क सुविधा से वंचित चल रही है। वन भूमि हस्तारण के प्रस्ताव तैयार कर देहरादून भेजने के बाद भी आजतक हल नही निकल सका है। वही बात करें सीमांत तहसील के बरम व कनार गांव के सड़कों को लेकर यहां पर आज भी गांव के ग्र्रमीण सोलह किमी लंबी पैदल दूरी तय कर अपने अपने गंतव्य को पहुंचने के लिए जान हथेली पर रखकर चलने को मजबूर हो रहे है। शासन स्तर पर इस सड़क के लिए प्रदेश के दो मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके है। मगर नतीजा आजतक नही निकल सका है। दूसरी ओर तहसील क्षेत्र के धारी बेलतडी क्षेत्र के लोग आज भी सड़क के लिए टकटकी लगाये बैठे हुए है मगर हल आजतक हल ही निकल पाया है। गंगोलीहाट के पव्वाधार नैनी और मडक नाली सड़क के लिए भी वन भूमि हंस्तारण ने पेंच डाल और भी यहां के ग्र्रमीणों के लिए मुश्किलें बढ़ानी शुरू कर दी है। यहां के लोग पिछले दो माह से आंदोलन कर रहे है। तहसील क्षेत्र के ग्र्रमीण जहां लंबे समय से सड़के न होने से लंबे समय से आंदोलन कर रहे है वही यहां पर जनांदोलन करने के बाद भी सड़क न बन पाना तहसील क्षेत्रों के लिए चिंता का विषय बन रहा है। सड़कें न बन पाने से गांवों में विकास होना खासा कठिन लग रहा है। क्षेत्र के ग्र्रमीण अब आर पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर हो रहे है। वन भूमि के हंस्तारण न राह में रोडा बनकर सीमांत के तहसील क्षेत्र के ग्र्रमीणों की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ा दी है।

## न्यूज डायरी

### डीआरआरओ भूमि पर स्थान चिन्हित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर क्षेत्र में विधायक कैन्ट हरबंस कपूर एवं जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रेमनगर में हटाये गये अतिक्रमण में जिन व्यापारियों की व्यवसायिक प्रतिष्ठान ध्वस्त किये गये गये है। विधायक द्वारा व्यापारियों के लिए व्यवसायिक गतिविधियों हेतु डीआरआरओ की भूमि पर खोके बनाने के लिए स्थान चिन्हित की किये जाने को कहा। विधायक के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी ने मौके पर ही उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर को व्यवसायिक गतिविधियों के लिए डीआरआरओ भूमि पर स्थान चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये।

### अमेजन.इन ने की 5 से 9 अगस्त तक ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन.इन ने विभिन्न उत्पादों पर बड़ी बचत की पेशकश करने के लिए आज 5 अगस्त से 9 अगस्त, 2021 तक 'ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल' की घोषणा की है। उपभोक्ता कारीगरों और बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट–अप्स, ब्रांड्स और स्थांनीय पड़ोस के स्टोर सहित विक्रेताओं द्वारा मोबाइल फोन्स, लैपटॉप्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेजन बिजिनेस. फैशन एंड ब्यूडटी प्रोडक्ट्सं, होम एंड किचन, किराना, लार्ज एप्लाएंसेस, वर्क एंड स्टडी फ्रॉम होम उत्पाद व अन्य सैकड़ों श्रेणियों में पेश किए गए लाखों उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले उपभोक्ता एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट भी हासिल कर सकते हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बैट्री वारंटी का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। विद्युतीकृत वाहनों को अपनाना प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बैट्री की वारंटी बढ़ाने की घोषणा की। यह भारत में कंपनी के सभी सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड वाहनों (एसएचईवी) के लिए है। वारंटी का विस्तार मौजूदा तीन साल या 100,000 किलोमीटर से बढ़ाकर आठ साल या 160,000 किलोमीटर (जो भी पहले हो जाए) किया गया है। यह विस्तार एक अगस्त 2021 को प्रभावी बिक्री, इसके एसएचईवी मॉडल या टोयोटा कैमरी अथवा वेलफायर मॉडल के लिए किया गया है। यह घोषणा "वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डे" यानी 28 जुलाई के महत्ववपूर्ण मौके पर की की गई है। इनमें पर्यावरण से संबंधित छह चुनौतियां हैं।

## गंगोत्री नेशनल हाइवे पर चुंगी बड़ेथी के पास भारी भूस्खलन

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तराखंड में इनदिनों मौसम के तेवर कुछ तल्ख बने हुए हैं। बारिश के चलते यहां जगह–जगह भूस्खलन और यातायात बाधित होने की घटनाएं सामने आ रही है। आज गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुंगी–बड़ेथी के पास बने भूस्खलन जोन पर भागीरथी नदी की साइड भारी भूस्खलन हुआ है। इसके चलते यहां एहतियातन यातायात रोक दिया गया है।

बता दें कि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुंगी बडेथ्थी के पास वर्ष 2010 से भूस्खलन जोन बना हुआ है। बरसात में यहां अक्सर यातायात बाधित रहता है। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड ने इस भूस्खलन जोन का ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई। फिर रोड प्रोटेक्शन गैलरी का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन मंगलवार दोपहर को अचानक रोड प्रोटेक्शन गैलरी से नदी की साइड भूस्खलन होने लगा, जिससे यातायात बाधित हो गया। इस जगह रुक रुक कर लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिले में लगातार भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। ज्ञानसू निवासी राजपाल बिष्ट ने कहा कि रात में पत्थर गिरने की आवाज से कई लोग रातभर जागे रहे।



## भारी अतिवृष्टि से करीब आधा दर्जन दुकानो में मलवा घुसा

**संवाददाता** पुरोला। मोरी बाजार में भारी अतिवृष्टि से बाजार की करीब आधा दर्जन दुकानो में मलवा घुस गया जिससे दुकानदारो का सामान बर्बाद हो गया। बाजार के बीच खड्ड में भारी मलवा आने के कारण सांकरी,नैटवाड़ क्षेत्र की आवाजाही करीब दो घंटे तक बाधित रही। मोरी बाजार में दिन को भारी बरसात के कारण बाजार के बीच नाले में भारी मलवा आने से यहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। मलवा करीब आधा दर्जन दुकानो में घुस गया जिससे दुकानो में रखा सामान खराब हो गया। भाजापा के पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र रावत ने बताया कि ढाई बजे करीब भारी बारिश होने के कारण कला तपड़ से बहने वाले बाजार के बीचोंबीच सहित अन्य नालो में भारी मलवा आने के कारण होटल सहित करीब आधा दर्जन दुकानो में मलवा घुस गया।

## 10वीं में रुद्रपुर के चार विद्यार्थियों ने अर्जित किए 99.8 फीसद अंक

### छात्रों ने जिले में अपनी मेधा को लोहा मनवाया

**संवाददाता** रुद्रपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा का परिणाम दोपहर में घोषित किया गया। छात्रों ने इस बार जिले में अपनी मेधा को लोहा मनवाया है। जिला मुख्यालय के चार छात्रों ने टॉपर्स की सूची में स्थान बनाया है। एमेनिटी पब्लिक स्कूल के सनवीर कौर एवं अर्चित गांडा व जेसीज पब्लिक स्कूल के निकिता तिवारी व तनुश्री ने 99.8 फीसद अंक प्राप्त कर टॉप किया है।

इस बार कोविड के चलते 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाए रद कर दी गई थी। गाइडलाइन के अनुसार छात्रों के पिछली कक्षा के रिकार्ड के अनुसार मार्किंग की गई। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड 10वीं का परिणाम करीब 12 घोषित होते ही छात्रों में खुशी का माहौल था। इसमें जेसीज पब्लिक स्कूल में 303 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 96 छात्रों ने 90 फीसद से अधिक अंक अर्जित कर जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके अलावा एमेनिटी पब्लिक स्कूल में 124 पंजीकृत थे, जिसमें 69 विद्यार्थी 90 फीसद से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

एमेनिटी में गुरमेल सिंह ने 99.4, सुहानी अरोरा ने 98.8, जैसमिन कौर ने 98.6, अंगद व उपकार ने 98 फीसद अंक अर्जित किए। जेसीज के मृदुल पंत ने 99.6 व आयुष ने 99.4 फीसद अंक प्राप्त किया है। आरएएन पब्लिक स्कूल के अंश अग्रवाल ने 99.6, रिषित सैनी ने 99.6, दिवांशी ने 99.4, आयुष प्रताप व वृंदा ने 99 फीसद अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। होली चाइल्ड स्कूल में बानी खुराना ने 97.6, अतिफ हुसैन ने 96.4, चरनप्रीत व वैभव ने 95 फीसद अंक अर्जित किया।

मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल के हिमांशु तेवतिया ने 91 फीसद, रेनबो पब्लिक स्कूल के स्वरूप श्रीवास्तव ने 99 फीसद, मेघा बोहरा ने 98.2, जीविका सिंह 97.4 व श्रृष्टि अग्रवाल ने 97 फीसद अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। द आक्सफोर्ड एकेडमी से मान्या भट्ट ने 97 फीसद व कुमकुम ने सर्वाधिक 94.8 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में टाप किया है।

## धामी के नेतृत्व में युवाओं में उत्साह, 2022 के विस चुनाव में मिलेगा लाभः कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश की बागडोर युवा नेतृत्व के हाथों में है और निश्चित रूप से युवाओ में जोश है और उमीदें है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का एक माह का स्वर्णिम कार्यकाल रहा है और उन्होंने एक माह में विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। सरकार अंतिम छोर पर बैठे जरुरतमन्द तक पहुँच रही है। विधायक, मंत्री और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी क्षेत्रो में प्रवास कर रहे है और लोगों की समस्यायें सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा 2022 के रोडमैप पर गंभीरता से आगे बढ़ रही है। इस माह कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्णकालिक स्वयंसेवक प्रतिभाग करेंगे। भाजपा विकास और सेवा कार्यों की बदौलत जनता के बीच जाएगी। कॉग्रेस जंहा विधान सभा में खामोश रही वही जनता के बीच में भी कार्य करने में पूरी तरह असफल रही।